# हारे का साथी खाटू नरेश भजन लिरिक्स

हारे का साथी खाटू नरेश,
करता कृपा भक्तो पर विशेष,
बड़ा दिलवाला है मेरा सांवरिया,
नीले घोड़े वाला है मेरा सांवरिया।bd।

तर्ज – आने से उसके।

---

दिल में जो भी इनकी,
प्यारी सूरत बसाकर है रखता,
सांवरा भी उसको,
सीने से लगाकर है रखता,
कलयुग में सबसे ये,
देवता निराला है मेरा सांवरिया,
नीले घोड़े वाला है मेरा सांवरिया।bd।

---

मांगने से पहले,
श्याम भक्तो का दामन है भरता,
जो भी होती दिल में,
सारी इच्छाए पूरी है करता,
प्रेमी की किस्मत का,
खोले बंद ताला है मेरा सांवरिया,
नीले घोड़े वाला है मेरा सांवरिया।bd।

---

बाँध ली है जिसने,
श्याम चरणों से जीवन की डोरी,
सांवरे ने उसकी,
डोर जन्मों जनम नहीं छोड़ी,
‘चोखानी’ अपना तो,
एक रखवाला है मेरा सांवरिया,
**Bhajan Diary Lyrics,**
नीले घोड़े वाला है मेरा सांवरिया।bd।

---

हारे का साथी खाटू नरेश,
करता कृपा भक्तो पर विशेष,
बड़ा दिलवाला है मेरा सांवरिया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com